Dated- 07.11.2022

प्रेस विज्ञप्ति

रेलटेल ने सफलतापूर्वक विशेष अभियान 2.0 का आयोजन किया।

इस अभियान में विभिन्न विषयों जैसे स्वच्छता, रिकॉर्ड प्रबंधन, जगह प्रबंधन, स्क्रेप निपटान, लंबित लोक शिकायत मामलों का शीघ्र निपटान आदि शामिल थे।

****

रेलटेल ने स्वच्छता, सुशासन और सेवाओं के प्रभावी वितरण पर केंद्रित विशेष अभियान 2.0 का आयोजन किया। अभियान दो चरणों में-प्रारंभिक चरण 14-सितंबर-22 से 30-सितंबर-22 और कार्यान्वयन चरण 2-अक्टूबर-22 से 31-अक्टूबर-22 तक कॉर्पोरेट कार्यालय और क्षेत्रीय स्तर कार्यालयों के स्तर पर शुरू किया गया था।

अभियान के तहत, रेलटेल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, श्री संजय कुमार ने 16 सितंबर, 2022 को पूरे भारत में फैले रेलटेल के सभी कार्यालयों के रेलटेल कर्मियों को "स्वच्छता शपथ" दिलाई । स्वच्छता के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए इस दिन इन-हाउस टीम द्वारा एक नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया। 16-सितंबर-22 से 2-अक्टूबर-22 तक एक स्वच्छता पखवाडा मनाया गया जिसमें सामान्य स्वच्छता, कार्यालयों में प्लास्टिक कचरे का उन्मूलन, स्क्रैप निपटान (पुराने फर्नीचर और अनुपयोगी वस्तुएं), जगह का प्रबंधन, वृक्षारोपण आदि जैसी गतिविधियां शामिल थीं।

रेलटेल की सबसे स्वच्छ प्वाइंट ऑफ प्रेजेंस POP (टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर लोकेशन) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जहां रेलटेल के सभी टेरिटरी कार्यालयों ने सबसे स्वच्छ POP के लिए रनिंग शील्ड जीतने के लिए भाग लिया। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

बाद में, 2-अक्टूबर-22 से 31-अक्टूबर-22 के दौरान, रेलटेल द्वारा लंबित जन शिकायत मामलों, अपीलों और वीआईपी संदर्भों को तेजी से निपटाने के लिए कदम उठाए गए। पुराने अभिलेखों को हटाने के लिए गठित एक आंतरिक समिति ने मापदंडों और दिशा-

निर्देशों आदि को रेखांकित करते हुए अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की और कॉर्पोरेट कार्यालय और क्षेत्रीय कार्यालय दोनों में अनुवर्ती कार्रवाई शुरू की गई है।

इस अवधि के दौरान कई प्रणालीगत सुधार लागू किए गए। इसके अलावा, रेलटेल में प्रणालीगत सुधारों पर एक सार संग्रह(कंपेडियम) भी संकलित किया गया।

रेलटेल की वेबसाइट को भी नया रूप दिया गया है और कुछ नए उपयोगकर्ता के अनुकूल विशेषताओं को शामिल करते हुए अद्यतन किया गया है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से सभी गतिविधियों को उजागर किया गया। विशेष अभियान 2.0 में कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

रेलटेल के बारे में:

रेलटेल, रेल मंत्रालय के तहत एक "मिनी रत्न (श्रेणी- I)" केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम, देश के सबसे बड़े तटस्थ दूरसंचार बुनियादी ढांचे और आईसीटी समाधान और सेवा प्रदाताओं में से एक है, जिसके पास कई शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों को कवर करने वाला एक अखिल भारतीय ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क है। ऑप्टिक फाइबर के 61000+ आरकेएम के एक मजबूत विश्वसनीय नेटवर्क के साथ, रेलटेल के पास दो इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना मंत्रालय (MeitY) पैनल वाले टियर III डेटा केंद्र भी हैं। अपने अखिल भारतीय उच्च क्षमता नेटवर्क के साथ, रेलटेल विभिन्न क्षेत्रों में पर समाज को ज्ञनार्जित बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है और रेलटेल को दूरसंचार क्षेत्र में भारत सरकार के लिए विभिन्न मिशन-मोड परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए कार्य कर रहा है। रेलटेल एमपीएलएस वीपीएन, टेलीप्रेजेंस, लीज्ड लाइन, टॉवर को-लोकेशन, डाटा सेंटर सेवाएं आदि जैसी सेवाओं का एक साथ प्रदान करता है। रेलटेल देश भर के रेलवे स्टेशनों पर सार्वजनिक वाई-फाई प्रदान करके रेलवे स्टेशनों को डिजिटल हब में बदलने के लिए भारतीय रेलवे के साथ काम कर रहा है और रेलटेल के रेलवायर वाई-फाई के साथ 6100+ स्टेशन लाइव हैं।

अधिक जानकारी के लिए कृपया देखें:

sucharita@railtelindia.com